# विकेंद्रीकृत स्वायत्त संगठन

## प्रिलिम्स के लिये:

[विकेंद्रीकृत स्वायत्त संगठन](), [क्रिप्टोकरेंसी](), ब्लॉकचेन तकनीक, लोकतांत्रिक और स्व-निष्पादन प्रणाली, [बौद्धिक संपदा]()

## मेन्स के लिये:

विकेंद्रीकृत स्वायत्त संगठन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारतीयों की उपलब्धियाँ

**[स्रोत: द हिंदू]()**

## चर्चा में क्यों?

विकेंद्रीकृत स्वायत्त संगठन (DAO) [ब्लॉकचेन तकनीक]() तथा शासन के गठजोड़ में एक अभूतपूर्व नवाचार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## विकेंद्रीकृत स्वायत्त संगठन (DAO) क्या हैं?

- परिचय:
  - DAO डिजिटल संस्थाएँ हैं जो केंद्रीकृत नियंत्रण के बिना कार्य करती हैं तथा स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट एवं उनके सदस्यों की सर्वसम्मति द्वारा शासित होती हैं, जो अमूमन निर्णय लेने एवं संसाधन आवंटन के साधन के रूप में [क्रिप्टोकरेंसी]() का उपयोग करती हैं।
  - DAO ने **पारदर्शी, लोकतांत्रिक तथा स्व-निष्पादन प्रणालियों को बढ़ावा देकर** वित्त, कला व शासन सहित विभिन्न उद्योगों को बदलने की अपनी क्षमता के लिये ध्यान आकर्षित किया है।
  - ये संस्थाएँ न केवल पारंपरिक व्यावसायिक संरचनाओं को नया आकार दे रही हैं बल्कि डिजिटल विश्व में हमारे विश्वास, शासन एवं सहयोग को समझने के तरीके में भी सुधार रही हैं।
  - DAO का उद्देश्य ब्लॉकचेन नेटवर्क पर **स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट द्वारा शासित आत्मनिर्भर, समुदाय-संचालित इकाइयाँ** बनाना है।
- **विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग:**
  - **वैश्विक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र:** विकेंद्रीकृत वित्त के क्षेत्र में कंपाउंड तथा मेकर **DAO जैसे प्लेटफार्मों ने ऋण प्रदान करने और प्राप्त करने हेतु सेवाएँ शुरू की** हैं, जो उपयोगकर्त्ताओं को पारंपरिक बैंकों पर भरोसा किये बिना वैश्विक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में भाग लेने में सक्षम बनाती हैं।
  - **कला जगत में:** कला जगत में कलाकार अपनी रचनाओं के लिये टोकन प्राप्त कर रहे हैं तथा रॉयल्टी का प्रबंधन करने एवं अपनी बौद्धिक संपदा पर नियंत्रण बनाए रखने के लिये DAO का उपयोग कर रहे हैं।
  - **आपूर्ति शृंखला प्रबंधन:** आपूर्ति शृंखला प्रबंधन **एक और क्षेत्र है जहाँ DAO लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं,** क्योंकि वे उत्पादों की प्रामाणिकता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में पारदर्शिता व पता लगाने की क्षमता प्रदान करते हैं।
  - **ऑनलाइन समुदायों का शासन:** ऑनलाइन समुदायों के शासन में भी DAO निर्णय लेने के लिये उपकरण के रूप में उभरे हैं, DAO स्टैक जैसे प्लेटफॉर्म इंटरनेट पर समुदायों के लिये विकेंद्रीकृत शासन संरचनाओं की सुविधा प्रदान करते हैं।
- महत्त्व:
  - **विकेंद्रीकरण और लोकतांत्रिक शासन:** DAO विकेंद्रीकरण को मूर्त रूप देते हैं, सत्ता को केंद्रीय सरकार से दूर ले जाते हैं।
    - वे लोकतांत्रिक निर्णय लेने को बढ़ावा देते हैं, टोकन धारकों को प्रस्ताव देने और निर्णयों पर मतदान करने की अनुमति देते हैं। प्रभाव का यह न्यायसंगत वितरण अधिक समावेशी एवं निष्पक्ष शासन संरचना सुनिश्चित करता है।
  - **पारदर्शिता और विश्वास: DAO को रेखांकित करने वाले स्मार्ट अनुबंध पारदर्शिता और अपरिवर्तनीयता सुनिश्चित करते हैं। यह संचालन के विषय में स्पष्ट दृष्टिकोण प्रदान कर तथा अक्सर केंद्रीकृत संगठनों से जुड़ी अस्पष्टता को दूर करके प्रतिभागियों के बीच विश्वास को बढ़ावा देता है।**
    - हालाँकि इन स्मार्ट अनुबंधों में कमज़ोरियाँ सुरक्षा संबंधी चिंताएँ बढ़ा सकती हैं।
  - **समावेशिता और वैश्विक सहयोग:** DAO के सबसे महत्त्वपूर्ण लाभों में से एक **भौगोलिक और सामाजिक-आर्थिक बाधाओं** को पार करने की उनकी क्षमता है।
    - वे विभिन्न पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को सहयोग और योगदान करने की अनुमति देकर वैश्विक भागीदारी को सक्षम बनाते हैं, विविधता

तथा नवाचार को बढ़ावा देते हैं।
- **सहयोग के नए रूपों को सुविधाजनक बनाना:** DAO मध्यस्थों की आवश्यकता को समाप्त करते हुए साझा उद्देश्यों वाले प्रतिभागियों के बीच सीधे सहयोग की सुविधा प्रदान करते हैं।
  - यह वातावरण **नवाचार, सहयोग** और पदानुक्रमित संरचनाओं द्वारा अप्रतिबंधित **विचारों के मुक्त प्रवाह को प्रोत्साहित करता है।**

## DAO से संबंधित चुनौतियाँ क्या हैं?

- **सुरक्षा सुभेद्यता:**
  - स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स में कमज़ोरियों के कारण **वर्ष 2016 में DAO हैक जैसी कुख्यात घटनाएँ** हुई हैं, जिससे **ब्लॉकचेन सिस्टम की सुरक्षा और अपरिवर्तनीयता पर सवाल** खड़े हो गए हैं।
  - ये घटनाएँ **सख्त सुरक्षा अंकेक्षण और संहिता** की विश्वसनीयता में सुधार **की आवश्यकता** को रेखांकित करती हैं।
- **कानूनी और नियामक अनिश्चितता:.**
  - DAO की विकेंद्रीकृत प्रकृति **वैधानिक वर्गीकरण, कराधान, दायित्व असाइनमेंट** और विभिन्न न्यायालयों में नियमों के अनुपालन में चुनौतियाँ पेश करती है।
  - शासन, **बौद्धिक संपदा** और सीमा पार संचालन से संबंधित प्रश्न **काफी हद तक अनुत्तरित** हैं, **जिनके लिये नियामक अनुकूलन की आवश्यकता** है।
- **शासन और विवाद समाधान:**
  - विकेंद्रीकृत निर्णय लेने से DAO के भीतर **विवादों को हल करना और ज़िम्मेदारियाँ सौंपना चुनौतीपूर्ण** हो जाता है।
  - स्मार्ट अनुबंधों की स्वचालित प्रकृति पारंपरिक कानूनी तंत्र के बिना **जवाबदेही और संघर्षों से निपटने के बारे में सवाल उठाती** है।

## आगे की राह

- चुनौतियों के बावजूद DAO लगातार विकसित हो रहे हैं और विभिन्न उद्योगों में परिवर्तनकारी क्षमता प्रदान कर रहे हैं। एक ऐसा भविष्य सुनिश्चित कर जहाँ विकेंद्रीकृत नवाचार कानूनी अनुपालन के साथ संरेखित हो जोखिमों को कम करते हुए अपने लाभों को अधिकतम करने के लिये चल रही चर्चाएँ और अनुकूलन महत्त्वपूर्ण हैं।
- DAO संगठनात्मक संरचनाओं में एक आदर्श बदलाव का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो एक ऐसे भविष्य की झलक पेश करते हैं जहाँ विकेंद्रीकृत, पारदर्शी और लोकतांत्रिक प्रणालियाँ विभिन्न क्षेत्रों को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/decentralised-autonomous-organisations